भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय
पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16 महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002
वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी : info@bsgindia.org दूरभाष : +91-11-23370724,23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 55 / 2020
दिनांक : 01 मई, 2020

विषय :- केयर एण्ड शेयर - ''पीएम केयर फंड / सीएम रिलीफ फंड मे योगदान'' हेतु एक अपील।
सन्दर्भ :- राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या-38/2020 दिनाँक-28-03-2020.

महोदय/महोदया,

कृपया उदधृत विषय पर राष्ट्रीय मुख्यालय के परिपत्र संख्या-38/2020 दिनॉक-28-03-20-20 का अवलोकन करें।

जैसा कि आप सभी को विदित है कि प्रचलित कोविड-19 महामारी सम्पूर्ण विश्व में फैली हुई है और उसने दुनियॉ भर में लाखों लोगों के स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियाँ पेश की है। भारत में भी कोरोनावायरस का प्रसार चिन्ताजनक रहा है एवं हमारे देश के लिए भी गंभीर स्वास्थ्य और आर्थिक प्रभाव पैदा कर रहा है। इस आपात स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय ने देश के सभी नागरिकों से सरकार का सहयोग करने हेतु '**प्राइम मिनिस्टर्स केयर्स फंड (पीएम केयर्स फंड) / मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएम रिलीफ फंड)**' में उदारतापूर्वक दान देने हेतु आग्रह किया है।

राष्ट्रीय योजना समिति ने 30 अप्रेल, 2020 को अपनी ऑनलाइन आभासी बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स "**केयर एण्ड शेयर**"नाम से फंड जुटाने की मुहिम शुरु करेगा।

योजना समिति ने निर्णय के साथ एकअपील की है **कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स प्रत्येक सदस्य पीएम केयर्स फंड / सीएम रिलीफ फंड में न्यूनतम 10/- रुपये का योगदान करें। जो लोग अपनी क्षमता और इच्छानुसार अधिक योगदान करने की इच्छा रखते है, उनकी उदारता हेतु उनका स्वागत है।**

राष्ट्रीय संकट के इस समय में संस्था के प्रत्येक सदस्य के द्वारा भारत सरकार को हमारे द्वारा सहयोग प्रदान किये जाने के राष्ट्रीय योजना समिति के ऐसे अभिनव निर्णय का स्वागत किया जाना चाहिए।

हम सभी राज्य संघों से अपील करते है कि वे अपने सम्बन्धित जिला और स्थानीय संघ से **''पीएम केयर फंड / सीएम रिलीफ फंड''** के लिए योगदान एकत्र करें। राज्य द्वारा संग्रह की गई राशि की 50 प्रतिशत राशि राज्य मुख्य आयुक्त के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करने हेतु भेजा जाये और शेष 50 प्रतिशत राशि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय के निम्न बैंक खाते में जमा की जाये :

बैंक :-	**सैंन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया**
नामः-	**दी भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स**
खाता संख्याः-	1075855769
आईएफएससी कोडः-	CBIN0281467
शाखाः-	**विकास मीनार, नई दिल्ली**

राज्य संघों से अनुरोध कि धनराशि जमा करने के पश्चात यूटीआर नम्बर को ईमेल द्वारा info@bsgindia.org पर अवश्य प्रेषित करें।

राज्य संघो से राष्ट्रीय मुख्यालय में प्राप्त होने वाली 50 प्रतिशत योगदान राशि को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की ओर से मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त द्वारा नामित प्रतिनिधिमंडल द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी को सौंपा जायेगा ।

जो राज्य संघ पहले से ही पीएम केयर्स फंड / सीएम रिलीफ फंड में योगदान कर चुके है उसका विवरण रिकार्ड हेतु राष्ट्रीय मुख्यालय को सूचित करने की कृपा करें ।

इसे ''राष्ट्रीय प्राथमिकता'' के रुप में लेकर सम्बन्धित जिला और स्थानीय संस्था से सहयोग राशि एकत्रित करना प्रारम्भ कर सकते है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की पहल और हमारे संगठन का योगदान सरकार को कोविड-19 के साथ साथ हमारे देश के लिए आर्थिक प्रभाव से लड़ने में सहयोग प्रदान करेगा ।

अनुपालनार्थ इसे सभी सम्बन्धितों को सूचित करने की कृपा करें ।

धन्यवाद,

भवदीय

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि :-

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016.
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी-15, सेक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201309.
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ ।